भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 633**
06 फरवरी, 2025 को उत्तर देने के लिए

## प्रसंस्कृत मांस

**633. डॉ. थोल तिरूमावलवन:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग द्वारा प्रसंस्कृत कुल मांस की मात्रा कितनी है; और

**(ख)** स्थानीय स्तर पर खपत किए जाने वाले भारतीय प्रसंस्कृत मांस की मात्रा तथा निर्यात की जाने वाली मात्रा का ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने डेलॉइट के माध्यम से "भारत में खाद्य प्रसंस्करण स्तर को निर्धारित करने के लिए अध्ययन" शीर्षक से एक अध्ययन किया था। जुलाई 2021 में डेलॉइट द्वारा प्रस्तुत अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2018-19 में भारत में मांस के प्रसंस्करण का स्तर 34.18% है।

विभिन्न प्रकार के मांस के उत्पादन के आंकड़े पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा रखे जाते हैं। भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा तैयार "मूलभूत पशुपालन सांख्यिकी-2024" के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में मांस का उत्पादन 10.25 मिलियन टन था।

डेलॉइट द्वारा अनुमानित भारत में मांस प्रसंस्करण का स्तर 34.18% मानते हुए, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान देश में प्रसंस्कृत कुल मांस की अनुमानित मात्रा 3.50 मिलियन टन होगी।

**(ख):** कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान प्रसंस्कृत मांस का निर्यात 813.71 टन था तथा प्रसंस्कृत मांस की शेष मात्रा देश में घरेलू खपत के लिए उपलब्ध थी।

*****